आकाशवाणी शिमला

23.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

पश्चिम एशिया बैठक

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति में नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए केन्द्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कल लगभग 12 लाख घरों में सिलेंडर की आपूर्ति की गई और 94 प्रतिशत सिलेण्डरों की आपूर्ति डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड यानि डी.ए.सी का उपयोग करके की जा रही हैं।

महिला पदयात्रा

विपक्षी दलों द्वारा नारीशक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन न करने को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने आज शिमला में जन आक्रोश रैली और पदयात्रा का आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद सुरेश कश्यप सहित अन्य नेताओं ने भी जन आक्रोश रैली में विशेष रूप से हिस्सा लिया। राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी व उसके सहयोगी दलों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन न करने देश की 70 करोड़ महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।

टैक्सी ऑपरेटर

कांगड़ा जिले के टैक्सी व ट्रक ऑपरेटरों ने आज अपनी मांगों को लेकर कांगड़ा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने जिले में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और एम.वी.आई. के माध्यम से व्यवसायिक वाहनों के लिए मैनुअल फिटनैस टैस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने टैक्सी व ट्रक ऑपरेटर यूनियनों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

कांगड़ा चुनाव

कांगड़ा जिले में शहरी निकाय चुनावों के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने आज धर्मशाला में बताया कि धर्मशाला व पालमपुर नगर निगम में होने वाले चुनाव के लिए 29 व 30 अप्रैल और 2 मई को नामांकन पत्र भरे जाएंगे। इसके लिए धर्मशाला व पालमपुर के उपमण्डल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

भाजपा बैठक

प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप व राज्य पदाधिकारियों की एक बैठक आज शिमला में प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में हुई। इसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप और सिकंदर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रीकांत शर्मा ने दावा किया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनविश्वास खो चुकी है और भ्रम व झूठे वादों के सहारे चल रही है। उन्होंने कहा कि आगामी नगर निगम और पंचायती राज चुनावों में जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के दुधली में लगभग 6 करोड़ रूपए से बनने वाली दो सड़कों और दुधली व टूड पंचायतों के सामुदायिक भवनों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कसुम्पटी क्षेत्र के सभी गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण को लेकर करीब दो करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए।

सुरक्षा पैंशन

राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पैंशन के वितरण को लेकर नियमों में कुछ संशोधन किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि विधवा, परित्यक्त और एकल महिलाओं सहित 40 से 69 फीसदी दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए सामाजिक सुरक्षा पैंशन के लिए आय सीमा की शर्त को हटा दिया गया है। इसके अलावा ग्राम सभा की स्वीकृति की अनिवार्यता को भी समाप्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्तमान राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पैंशन के 99 हजार 7 सौ 99 नए मामलों को मंजूरी प्रदान की है और प्रदेश में कुल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 8 लाख 41 हजार 9 सौ 17 हो गई है।

——————————————